amaan.cooldude18
राज
कॉमिक्स विशेषांक
संख्या 01
नागराज और सुपर कमांडो ध्रुव
PRATAP MULICK
इस कॉमिक्स के साथ एक आकर्षक स्टीकर

नागराज और सुपर कमांडो ध्रुव

लेखक: संजय गुप्ता
सम्पादन: मनीष चंद्र गुप्त
कलानिर्देशन: प्रताप मुळिक
चित्र: चंदू
सुलेख: पालवणकर

भारत! शहर राजनगर!

राजनगर के चप्पे-चप्पे पर इन दिनों होर्डिंग, बैनर व पोस्टर... युद्ध-स्तर पर लगे दिखाई पड़ रहे थे—

SPECTACULAR-MEET-91

आइए! मिलिए!
अपने सुपर हीरोज़
से! देखिए एक साथ!
सुपर कमांडो ध्रुव!
गगन! मोटी!
परमाणु! चण्डिका!
विनाशदूत! सुपर
कमांडो फोर्स! और...
नागराज
राजनगर स्टेडियम में!
के सौजन्य से!

RAJ COMICS

वाऊ! सुपर कमांडो ध्रुव!
ST. PATRIK HIGH SCHOOL
गगन... मोटी और परमाणु!
चण्डिका... विनाशदूत... और पूरी सुपर कमांडो फोर्स!
और... और नागराज भी!
लोगों में इस प्रचार का जबरदस्त 'क्रेज' बनने लगा—
अपराध और अपराधियों के इतने सारे दुश्मन!
सुपर शक्तियों से लैस दोस्तों के दोस्त!
यह शानदार मौका बार-बार नहीं आयेगा!
शहर से बाहर के कुछ अन्य कुख्यात लोगों में से एक जोड़ी खूबसूरत निगाहें भी इस 'स्पेक्टाकुलर मीट-91' के विज्ञापन पर लगी थीं—
?!
राज-टाइम्स
सुपर हीरो, नागराज, ध्रुव, परमाणु, गगन, चण्डिका, मोटी, कमांडो फोर्स, विनाशदूत! ---- राजनगर स्टेडियम में...

यह थी अपराध की दुनिया की रानी मिस हिरोशिमा उर्फ मिस किलर —
सुपर हीरोज! हा हा हा!
ऐसा शानदार मौका वाकई बार-बार नहीं आयेगा! हा हा हा!
निश्चित दिन व समय पर 'राजनगर स्टेडियम' सुपर शक्तियों के प्रशंसकों से खचाखच भरा हुआ था —
नागराज! नागराज!
सुपर कमांडो ध्रुव! सुपर कमांडो ध्रुव!
परमाणु! विनाशदूत! चण्डिका!
जल्दी आओ! जल्दी आओ!
गगन... मोंटी!
लोग सुपर शक्तियों की एक झलक देख लेने के लिए बुरी तरह बेचैन थे।

और उद्घोषक की इस घोषणा के साथ—
दोस्तो! इंतजार की घड़ियां खत्म हुईं। अब दिल थाम लीजिए। देखिए।

सारे स्टेडियम में शोर मच गया—
सुपर फैंटास्टिक सुपर मानव!

गगन

गगन के मंच पर उतरते ही सारा स्टेडियम तालियों से गूंज उठा—
गगन
गगन
गगन

तालियों की गूंज अभी समाप्त भी न हुई थी कि मंच की ओर उठी निगाहें भौचक्की हो उठीं—

इसी के साथ परमाणु मंच पर ट्रांसमीट हुआ—
शोर मच गया—
परमाणु... परमाणु
इसी के साथ सबकी निगाहें उठ गईं स्टेडियम के द्वार की ओर—
ये तो सुपर कमांडो फोर्स है।
सुपर कमांडो ध्रुव की सुपर फोर्स।
ठीक इसी पल स्टेडियम में गूंज उठी किसी मशीनी घोड़े की आवाज—
हिन ऽऽऽऽ
यह कैसी आवाज है?
अब कौन आ रहा है?
अरे! वह देखो ऊपर... ये... ये... तो...।

विनाशदूत
अद्भुत!
विलक्षण मानव!
उद्घोषक ने सबका ध्यान स्टेडियम की मशाल के निकट रखी तोप की ओर किया —
दोस्तो! अब स्टेडियम में तोप के धमाके के साथ प्रवेश करेगी...
बूम ऽऽऽ
तोप की नली से गोले की जगह पुष्प-वर्षा के साथ निकली चण्डिका —
आश्चर्य व रोमांच के कारण दर्शकों के मुंह से चीखें निकल गईं।
इधर दर्शकों के बीच उपस्थित इस विशेष दर्शक ने जब अपने सिर से कैप हटाया —
दोस्तो, मुझे भी पहचान लो।
वनमानुष!
भागो!
वनमानुष! इंसानों के कपड़े पहने।

माइक पर हंसी के साथ गगन का स्वर गूंज उठा —
दोस्तो! आप जिसे देखकर भयभीत हो रहे हैं, वह मोंटी है।
मोंटी
मोंटी
मोंटी! उफ! कैसे-कैसे विचित्र सुपर हीरोज का जमघट लग रहा है।
मोंटी केवल इशारों की भाषा जानता है।
गगन, परमाणु, सुपर कमांडो फोर्स, चण्डिका और विनाशदूत! सभी मंच पर उपस्थित थे —
और अब दर्शकों को बड़ी व्यग्रता के साथ जिन सुपर शक्तियों का इंतजार था, वे थे नागराज और ध्रुव! सारा स्टेडियम नागराज और ध्रुव के शोर से गूंज रहा था —
न जाने ये दोनों कब और किस प्रकार पहुंचेंगे मंच तक?
नागराज... नागराज
सुपर कमांडो ध्रुव...
सुपर कमांडो ध्रुव!..
स्टेडियम से बीस किलोमीटर दूर सुपर कमांडो ध्रुव अपनी मोटर साइकिल पर —
बीस किलोमीटर की दूरी मुझे दस मिनट में तय करनी है वरना मैं अवश्य ही लेट हो जाऊंगा।

एकाएक कुछ देखता हुआ चौंक पड़ा वह –
अरे! यह क्या?
आंखें आश्चर्य से फट पड़ीं उसकी –
?!
वही क्या, उपस्थित प्रत्येक व्यक्ति चौंक पड़ा था –
अरे!
यह क्या?
कैसे अजीब से हैं ये बादल!
कारण थी हरे बादलों की वह टुकड़ी....
कैसे विचित्र बादल हैं?
... जो देखते ही देखते आकाश में फैल गई –
हरे रंग के बादल!
ध्रुव की मोटर साइकिल को ब्रेक लग गए।
और लोगों को आश्चर्य का महान झटका लगा –
राजनगर निवासियों को मिस किलर का नमस्कार!
मिस किलर! यह क्या बला है?
मिस किलर?
क्या चाहती है?
कौन है ये मिस किलर?

मिस किलर की खनखनाती आवाज गूंज उठी—
मैं आपसे केवल इतना कहने आई हूं कि ये हरे बादल अब से पन्द्रह मिनट बाद राजनगर में तेजाब की बारिश शुरू कर देंगे।...

...इसलिए माई डियर फ्रेंड्स, जितनी जल्दी हो सके किसी सुरक्षित स्थान की तलाश कर लीजिए।
इसी के साथ वह महान आश्चर्य वहां से गायब हो गया।

मिस किलर की घोषणा का तुरन्त ही असर हुआ। सड़कों पर भगदड़ मच गई—
भागो! तेजाब की बारिश होने वाली है।
हरे बादलों से गिरेगी तेजाबी वर्षा।

सुपर कमांडो ध्रुव! जिसके दिलो-दिमाग से निकल चुकी थी स्टेडियम पहुंचने की बात—
तेजाबी बारिश? अगर ये सच है तो भयानक तबाही आ जायेगी।

घोषणा का तत्काल असर हुआ, शहर में जैसे कर्फ्यू लग गया—

अचानक उस युवती की चीख से कर्फ्यू सा वातावरण भंग हुआ—
म...मेरा बच्चा!

इसी पल बादलों में तीव्र गड़गड़ाहट हुई —
तेजाबी बारिश होने वाली है!
गड़ड़

युवती अपनी सम्पूर्ण शक्ति एकत्रित कर पुनः चीख पड़ी —
अरे! कोई मेरे बच्चे को बचाओ!
मुन्ना मुन्ना!

तेजाबी बारिश आरम्भ हो गई —

लेकिन इससे पूर्व कि बारिश की मोटी-मोटी बूंदें उस बच्चे तक पहुंच पातीं —
माँ!
तुम्हें कुछ नहीं होगा बेटे!

ध्रुव बच्चे के साथ इमारत की तरफ लपका —
उफ! इस बारिश से बच पाऊंगा या नहीं?

ठीक इसी पल —

ध्रुव के शरीर को लगा एक तीव्र झटका —
ओह! यह क्या?

पलक झपकते ही आश्चर्य के सागर में गोते लगाता ध्रुव हवा में नागरस्सी पर झूल रहा था—

य... ये तो नागरस्सी...

त... तो क्या मैं... ?

लेकिन—
ओह... य... यह तो तेजाब बहकर कार के नीचे ही आ रहा है।
MRN 1

अगले ही पल गूंज उठी उसकी चीख—
आह SSS बचाओ SSS

वह पहले लाश और फिर कंकाल में बदल गया—

नागराज! तेजाब की बारिश बंद हो रही है।
न जाने इस तेजाबी बारिश से कितनी तबाही हुई होगी।

नागराज ध्रुव के साथ बाहर निकला—
नागराज, वह देखो।
ये बेचारा बारिश से बचने के लिए इस पेड़ के नीचे जा खड़ा हुआ होगा और...

इधर बारिश बन्द होते ही पुलिस- एम्बुलेंस हताहतों की तलाश में दौड़ पड़ी—
वूऊ SSS वूऊ SSS

मिस किलर!
तुम्हें इन निर्दोष लोगों की हत्याओं का भयानक दण्ड भुगतना पड़ेगा।

नागराज के मस्तिष्क में तूफान उठ खड़ा हुआ था –
तेजाबी बारिश के पीछे मिस किलर का क्या मकसद हो सकता है?

मिस किलर को अपनी मौत से इन बेगुनाहों की मौत का बदला चुकाना होगा।

मैं तुमसे सहमत हूं नागराज! लेकिन इस समय हमें फौरन राजनगर स्टेडियम पहुंचना होगा।...

ध्रुव की मोटर साइकिल उड़ चली –
...वैसे तो स्टेडियम राजनगर से बीस किलोमीटर दूर है। पर मुमकिन है कि तेजाबी बारिश ने वहां भी अपना खूनी जबड़ा फैलाया हो।
अगर तेजाबी बारिश हमारा रास्ता न रोकती तो इस समय हम वहीं होते।

उधर राजनगर स्टेडियम में दर्शकों के सब्र का बांध टूट रहा था –
नागराज को बुलाओ!
सुपर कमांडो ध्रुव...
नागराज
ध्रुव

उद्घोषक दर्शकों को शांत करने में बुरी तरह असफल रहा —
उफ ! अगर कुछ देर नागराज और ध्रुव और न आए तो स्टेडियम को बूचड़खाना बनते देर न लगेगी ।
अचानक शोर मचाते दर्शकों की निगाहें आकाश की तरफ उठ गईं —
???!
वह देखो
ये नागराज नहीं हो सकता। उसके आने से पूर्व सांप आते हैं ।
नागराज !
शायद कोई नया सुपर हीरो आ रहा है ।
तो फिर सुपर कमांडो ध्रुव आ रहा है ।
ध्रुव
ध्रुव
ध्रुव !
दर्शक रोमांच से भर उठे।

वह चक्रवात मंच के ठीक ऊपर आकर रुक गया –
इसमें तो किसी स्त्री का साया दिखाई पड़ रहा है।
लेकिन अब तो केवल नागराज और ध्रुव आने बाकी हैं।
फिर यह कौन है?
ठीक इसी पल वातावरण में गूंज उठी एक खनकदार हंसी की आवाज –
हा हा हा हा! मुझे मिस किलर कहते हैं दोस्तो!
आप लोग जिन दो सुपर हीरो का इंतज़ार कर रहे हैं, वे दोनों अब यहां कुछ देरी से पहुंचेंगे।
और तब तक मैं बाकी के सुपर हीरोज को यहां से बहुत दूर अपने किलर फोर्ट ले जा चुकी होऊंगी।
??
मिस किलर!
खतरा!
इससे पहले कि इस आकस्मिक संकट को कोई समझ पाता, सभी तेज चक्रवात में घिर गए –
ओह! यह क्या?
उफ! इतनी तेज हवा!
ये हवा हमें घुमाए लिए जा रही है। उफ!
आह!
सभी सुपर हीरो चक्रवात में समा गए।

दर्शकों में खलबली मच गई—
सभी महाशक्तियों का अपहरण कर लिया मिस किलर ने।
भागो। ये हम पर भी कोई मुसीबत ढायेगी।
भागो। भागो।

ठीक इसी समय स्टेडियम में प्रवेश किया नागराज और ध्रुव ने—
नागराज! मिस किलर यहां भी अपना गुल खिला चुकी लगती है।
मंच पर कोई दिखाई नहीं पड़ रहा। कहीं...

सहसा मिस किलर प्रकट हुई, और—
नागराज! सुपर कमांडो ध्रुव!
मैं तुम्हारे देश की सभी महाशक्तियों को अपने साथ ले जा रही हूं...

...और तुम्हें चैलेंज करती हूं कि अपनी शक्तियों के बल पर तुम इन्हें मेरे किलरफोर्ट से छुड़ाकर दिखाओ।
??
??

जाने से पहले मैं तुम्हें वह क्लयू दे जाऊंगी, जो तुम्हें किलर फोर्ट पहुंचाने में तुम्हारी मदद करेगा।

इसी के साथ हवा में एक सितारा सनसनाया—
सरऽऽ

स्वच्च्च
ओह!
नागराज!

नागराज मिस किलर कहां गई ?
उसे जाने दो ध्रुव। मैंने उसका चैलेंज स्वीकार कर लिया है।

यह क्या है ?
इस पर जापानी भाषा में कुछ लिखा है।

ये तो जापानी भाषा में कोकू जिकान लिखा है।

नागराज! अभी तक हम किलर का इन सब घटनाओं के पीछे उद्देश्य भी नहीं समझ पाए हैं।
किलर की तेजाबी बारिश का रहस्य अब मेरी समझ में आ रहा है सुपर कमांडो ध्रुव!

वह हमें स्टेडियम में आने से रोकने के लिए न सिर्फ उलझाए रखना चाहती थी...
...बल्कि अपनी शक्ति का प्रदर्शन भी वह हमारे सामने करना चाहती थी...
...और वह अपनी इस कोशिश में सफल रही।

सूमोफाइट क्लब! जहां पांच-पांच सौ किलो वजन तक के फाइटर्स की दिल दहला देने वाली फ्री-स्टाइल कुश्तियां आयोजित की जाती थीं —

सूमो सम्राट वान-चिन-पोंग!

सूमो सम्राट वान-चिन-पोंग!

मोगेम्बो!

मोगेम्बो!

दर्शकों का कान फाड़ देने वाला शोर गूंज रहा था —

रैफरी का संकेत मिलते ही हाथियों की तरह चिंघाड़ते हुए दोनों सूमो पहलवान आपस में टकरा गए—
होऽऽऽओऽऽ
वान-चिन-पोंग की उस भीषण टक्कर से मोगेम्बो गैंडे की तरह गरजता रिंग से बाहर उछला...
भड़ाक
और दर्शकों में जहां वह गिरा, खलबली मच गई—
धम्म
OOOH HH.. HELP HELP ME!
आह!
बचाओऽऽ
रैफरी ने उस फाइट का विजेता घोषित कर दिया—
वान-चिन-पोंग!

सांस रोके ध्रुव और नागराज भी उस सूमो - फाइट को देख रहे थे —
उफ! नागराज! मोगेम्बो के नीचे दबकर तीन व्यक्ति मर गए।
बहुत बलशाली पहलवान है यह।
नागराज! अब वान-चिन-पोंग फाइट के लिए फिर किसी को चैलेंज कहकर आमंत्रित करेगा।
ओह यह क्रम तब तक जारी रहेगा, जब तक कोई भी फाइटर उसका चैलेंज स्वीकार करता रहेगा।
तभी नागराज की ओर देखकर दहाड़ उठा वान-चिन-पोंग—
चैलेंज!
ओह! ये मुझे चैलेंज कर रहा है।
चैलेंज
?
शायद मिस किलर मुझे वान-चिन-पोंग से लड़वाना चाहती है।
नागराज की संज्ञा समझ ध्रुव उछल पड़ा—
नागराज। त... तुम... सूमो फाइट...!
नागराज को चैलेंज की लड़ाई लड़ने में मजा आता है दोस्त!
नागराज रिंग में प्रवेश कर गया —
यह हिन्दुस्तानी तो मरेगा आज।

खचाखच भरा हॉल रोमांच से भर उठा -- जब नागराज ने कहा ---
मुझे तुम्हारा चैलेंज स्वीकार है वान-चिन-पोंग !
यह कौन है ?
सूमो सम्राट से लड़ेगा ये ?
इसका दिमाग खराब हो गया है।
वान-चिन-पोंग इसकी चटनी बनाकर रख देगा।

फाइट से पहले अपना पता, परिचय दे देना।
ताकि तुम्हारी लाश तुम्हारे घर पहुंचा दी जाए।
हा हा हा
अपना परिचय मैं फाइट के बाद तुम्हें दूंगा।

रैफरी का सिग्नल मिलते ही भारी शोर-शराबे के बीच नागराज व वान-चिन-पोंग आमने-सामने आ गए—
तुझे उठाकर फेंकूंगा तो क्लब से बाहर जाकर गिरेगा।
इसकी पकड़ से बचना होगा।

सूमो सम्राट वान-चिन-पोंग नागराज पर झपटा—
अगर मैं इसके हाथ लग गया तो ये निसंदेह मेरी चटनी बना डालेगा।
याऽऽह

नागराज ने उछलकर वार किया—
थड़
ओह!

नागराज ने बहुत हल्की विषफुंकार छोड़ी —

फूं ऽऽऽऽ

आह! यह क्या?

धोखे का जवाब!

नागराज अपने इस प्रयास से स्वतन्त्र हो गया।

और –
धाड़
ओह!

धाड़

नागराज का भरपूर शक्तिशाली वार –
ले गैंडे! बचा अब मेरा वार!

धड़ाक

गैंडे सा भारी भरकम शरीर धम्म से रिंग में गिर पड़ा –
उठ बेटे वान-चीन पोंग!
अरे! ये तो गया शायद!
वाह! नागराज यू आर ग्रेट!

इसी के साथ ध्रुव ने मंच पर पहुंचकर नागराज का परिचय दिया तो हॉल तालियों से गूंज उठा –
नागराज!
नागराज!

नागराज को मिला चैम्पियन पुरस्कार —

सूमो चैम्पियन नागराज के लिए विशेष पुरस्कार! मिस हिरोशीमा की तरफ से।

मेरे लिए? ओह!

?!

रस्सी के सिरे पर बंधा वह भारी-भरकम गोला समुद्र में गिरा—
छपाक

गोला तेजी के साथ आगे बढ़ा—

चौंक पड़े नागराज और ध्रुव—
नागराज! शायद कोई मुसीबत हमारी बोट की ओर बढ़ रही है।
यह है क्या?

दोनों एकदम से सतर्क नजर आने लगे—
शायद मिस किलर की कोई अन्य चाल है।
तुम्हारा कहना सच है नागराज! वह द्वीप भी सामने ही दिखाई पड़ रहा है।

फिर अचानक समुद्र की लहरों में एक ज्वारभाटा सा उठा—

डैक पर खड़े नागराज व ध्रुव बुरी तरह से लड़खड़ा गए! अगले ही पल ध्रुव अथाह जलराशी में गिर पड़ा—
छप्पाक
ओह्ह ग्लुप!

जब लहरें शांत हुई तो गोले की जगह एक प्लेटफार्म नजर आने लगा जिस पर एक विचित्र शार्क मानव खड़ा था –

उधर ध्रुव के समुद्र में गिरते ही खूनी शार्क मछलियों से पटे पड़े समुद्र के उस इलाके में भीषण हलचल मच गई –
शार्क मछलियां मेरी तरफ बढ़ रही हैं।

फिर इससे पहले कि कई शार्क एक साथ ध्रुव पर टूटकर उसके चिथड़े उड़ा देतीं –
उफ यह क्या?

गोले में से निकले बोरो पहलवान ने उसे उठा लिया –
बोरो अपने शिकार को खुद मारता है।

नागराज की नागरस्सी बोरो की तरफ लपकी। ध्रुव यह देख चीख पड़ा –
नहीं नागराज! ये मेरा शिकार है।

बोरो ध्रुव पर झपटा—
तुझे खत्म करने के बाद नागराज को खत्म करूंगा।
हम्म! इस फाइट में आयेगा कुछ मजा...!

...समुद्र में चारों तरफ फैली खूनी शार्क, और छोटे से डगमगाते प्लेटफार्म पर इस मदमस्त शार्क मानव से टक्कर!

शार्क के भयानक जबड़े में जाने से बाल-बाल बचा बोरो—

बोरो फुर्ती से उछला और—

और ध्रुव से भिड़ गया—
किट किट
उफ! इसके जबड़े से बचना होगा।

धूम

ओह! बड़े मज़बूत दांत हैं इसके तो!

इस मौके का फायदा उठाया बोरो ने –

किन्तु अब खड़े होते ही ध्रुव के हाथ में थी लोहे की एक रॉड –

जैसे ही बोरो ने जबड़ा फैलाया –
ध्रुव ने रॉड उसके जबड़े में फंसा दी।

और –
खच्चाक
ध्रुव ने अपनी टांगों को एक भरपूर झटका दिया –

छपाक

ार्क बोरो को पानी में खींच ले गई –

नागरस्सी की मदद से...

...ध्रुव वापस बोट पर पहुंच गया।

द्वीप पर दोनों बोट से नीचे उतरकर कुछ ही कदम आगे बढ़े थे कि –

??

स्कीच

...बचकर दिखाओ।
बाल-बाल बचे।
उफ! बम!
हुम्म वह तो बचा गए। अब इससे बचके दिखाओ--
और ध्रुव ने छलांग लगाई--
पलक झपकते ही गोला उसके हाथ में था
और अगले ही क्षण--
हम तो बच गए प्यारे तुम कहो अपनी।

धड़ाम

लो नागराज! यह भी गया काम से।
हां, और यह रहा मिस किलर का एक और क्लू!

नागराज ने कागज का पुर्जा निकालकर देखा—

नागराज! ये इमारत तो हिरोशिमा में है जहां प्रथम बार परमाणु बम गिराया गया था।
हां, ये वही इमारत है ध्रुव! जो उस बम विस्फोट में मारे गए सैकड़ों, हजारों लोगों की याद में अब स्मारक के रूप में जानी जाती है।

इधर मिस किलर के होंठों पर खेल रही थी एक रहस्यमय मुस्कान—
नागराज द्वारा सूमो फाइटर वान-चिन-पोंग की शिकस्त के बाद अब ध्रुव द्वारा बोरो और स्पीडबॉल भी मारा गया। ओह! INTERESTING!

हिरोशिमा की खण्डहर इमारत का 'क्लू' भी उन्हें दे दिया गया। वैरी गुड।

भयानक अट्टहास कर उठी मिस किलर —
हा हा हा

अगर मिस किलर की बनाई उस बाधा को भी वे पार कर गए तो यकीनन फिर वे उन महाशक्तियों तक पहुंच पाएंगे, जिन्हें किलर फोर्ट में चूहों की तरह कैद कर रखा है मैंने।

और तब मंडराएगा विश्व पर एक ऐसा भयानक खतरा। ००० जिससे टकराने के लिए कोई सुपर शक्ति जीवित न होगी। हा हा हा हा!

इधर नागराज और ध्रुव पहुंच चुके थे उस खण्डहर इमारत के निकट —
नागराज, यहां तो कुछ विशेष बात दिखाई नहीं पड़ रही।
यही विशेष बात है ध्रुव कि किलर ने हमें यहां बुलाया है।

तभी —

खटाक

विशेष बात नजर आने लगी —
घुर्र्र्र्म्म

धड़ धड़ धड़

पलक झपकते ही दोनों घेरे में आ गए—
निन्जा फाइटर!
तलवारबाज कराटे फाइटर!

अचानक एक टकराया ध्रुव से—
धम्म

दूसरा टकराया नागराज से—
धड़ाक
उफ!

एक अन्य मोटर-साइकिल सवार ध्रुव की तरफ बढ़ा, ध्रुव का शरीर हवा में उछला—

ध्रुव ने सम्भाल लिया मोटरसाइकिल का संचालन—
जूऽऽऽऽऽम

इधर नागराज उछलकर खड़ा हुआ, और —
नागराज! जल्दी बैठो!
सोचने का समय नहीं था।

ध्रुव ने मोटर-साइकिल दौड़ा दी ... * जुपिटर सर्कस में मोटर साइकिल सवार पवन की सिखाई आश्चर्यजनक कला —
* ध्रुव की मोटर साइकिल ट्रेनिंग के बारे में जानने के लिए पढ़ें : ध्रुव का रोमांचकारी कामिक्स • प्रतिशोध की ज्वाला •

चारों तरफ से आंधी की तरह मंडराती मोटरसाइकिलें —
ध्रुव! संभलो!
घबराओ नहीं दोस्त!

अगले ही पल नागराज खुद आश्चर्यचकित हो उठा —
ओह! वण्डरफुल ध्रुव!

दोनों मोटर-साइकिलें सीढ़ियों से जा मिलीं —
भड़ाक
भड़ाक

ध्रुव की मोटर-साइकिल पुनः हवा में सरसराई, और —
ओह! वैरी गुड ध्रुव!
धड़ाक

??
!!

ठीक समय पर दोनों ने जम्प ली, और —

धड़ाम

सांय

ओह ऽ

सांय

अब देखना है कितने बड़े तलवारबाज हो तुम सब।
इधर नागराज —
पहले अपने-अपने शस्त्र मेरे हवाले करो।
धड़
तलवार सीधी उछलकर आकाश की तरफ गयी —
और —

खच
च

और ध्रुव लड़ रहा था उस अद्भुत लकड़ी की तलवार से —
क्यों प्यारे, क्या विचार है। किस तलवार की धार तेज है?

आह!
स्सांय

फिर —
नागराज! चारों तरफ शांति छा गई है।
तूफान से पहले की शांति।

नागराज! एक बात समझ में नहीं आ रही। किलर ने हमें सीधे ही किलर फोर्ट का क्लू क्यों नहीं दे दिया?
हम पर बार-बार हमले करवाकर शायद वह हमारी शक्तियों की परीक्षा ले रही है।

इधर नागराज और ध्रुव को आगे बढ़ता देख रही थी मिस किलर —
निन्जा फाइटर्स को भी परास्त कर दिया तुमने।
अब एक कदम आगे बढ़ाते ही.... हा हा हा!

एकाएक मिस किलर ने ताली बजाई, और —
कुंग-फू! माइन्स-एरिया को घेर लो!
यस मैडम!

इधर नागराज व ध्रुव को एक कदम आगे बढ़ाना सचमुच महंगा पड़ा—
खटाक

उनके पांव तले से जमीन सरक गई—
आह! नागराज!
उफ! यह क्या?

दोनों नीचे खड़ी एक कार में गिरे—
धम्म
आह!

उन्हें लिए कार सुरंग में दौड़ पड़ी—

नागराज! हम किलर के जाल में फंस गए!
न जाने ये सुरंग कहां खत्म होगी।

सुरंग के बाहर कार ने उन्हें जहां लाकर छोड़ा—
नागराज किलर फोर्ट?
आखिर किलर हमें हमारी मंजिल तक ले ही आई!

यह रस्सियों का जाल किले के चारों ओर क्यों बांधा गया है?
अभी पता लग जाता है!

नागराज ने पत्थर खाई में उछाल दिया—

घाटी शोलों से लाल हो उठी—

हमें इन रस्सियों पर चलकर ही किलर फोर्ट तक पहुंचना होगा।

मानवता के दोनों रक्षक मौत के उस जाल पर चलते हुए आगे बढ़े—
मेरा सर्कस का कौशल यहां काम आ रहा है।
क्या ये बाधा हम इतनी ही आसानी से पार कर लेंगे?

नागराज का सोचना गलत न था। कुंगफू उन्हीं का इन्तजार कर रहा था—
इन दोनों को माइन्स एरिया में खत्म करना है।

नागराज और ध्रुव के मस्तिष्क में खतरे की घण्टी बज उठी —
नागराज! इनके इरादे नेक नहीं दीखते।
मिस किलर ने अच्छी जगह चुनी है। ध्रुव, यह हमारे लिए सचमुच परीक्षा की घड़ी है।

लड़ाकों ने सर्कस के कुशल खिलाड़ियों की तरह कूदते फांदते...
आऽऽऽ

...दोनों को घेर लिया —
पहला वार दुश्मन की ओर से ही होना चाहिए।

पहला वार दुश्मन की ओर से ही हुआ —
सांय
ध्रुव हवा में उछला।

सर्कस का जांबाज...खिलाड़ी, ध्रुव।

न केवल अपने पांव रस्सियों के जाल पर वापस टिका चुका था, बल्कि —
धूम्म

फाइटर कई कलाबाजियां खाकर वापस जाल पर आ खड़ा हुआ, और —

फाइटर का हमला नागराज पर —
तड़ाक
ओह!

नागराज उछला और —

साथ ही —
टूट गई प्यारे तेरी गर्दन की हड्डी!

नागराज का सुन्दर कराटे प्रदर्शन देख ध्रुव दुगने उत्साह के साथ दुश्मनों पर टूट पड़ा —

अब नीचे जाने की बारी तुम्हारी है!
ठाक
धड़

ध्रुव के शक्तिशाली प्रहारों का परिणाम —
हीं!
आह!

माइन्स एरिया, जहां कदम-कदम पर मौत बिछी हुई थी—

भड़ाम

फाइटर का जिस्म कई टुकड़ों में बदल गया—

बड़ाम्

और तब तक नागराज वापस जाल पर पहुंच गया था।

जाल पर सर्कस के करतब दिखाते ध्रुव का कमाल—

ध्रुव वापस उछला—

फाइटर लहराकर बारूद पर गिरा—

बड़ाम

और टुकड़ों में बदल गया।

और अब नागराज के सामने था कुंगफू—

तुझे उठाकर बारूदी सुरंग पर फेंकूंगा रे नागराज!

मिस किलर ने भी चुन-चुन कर भर्ती किए हैं अपनी सेना में।

नागराज की सर्परस्सी कुंगफू के गले में लिपट गई —

अरे, वह कौन है?

MY NAME IS FIRESTORM!

भागो ध्रुव, बचो इस आग के तूफान से।

हाए, कहां गए दोनों शैतान!

फिर ध्रुव एक दिशा में भाग लिया –

हां, वह भाग रहा चूहा, परन्तु इसका दूसरा साथी कहां गया?

तभी फायर स्टार्म ने आग का एक भयंकर तूफान उठाया –

उफ! आह यह तो जला मारेगा मुझे।

फायर स्टार्म यमदूत बना ध्रुव के सामने खड़ा था —
हा हा हा
ध्रुव बच्चे, कभी भुना हुआ आदमी देखा है नहीं ना। हा हा अब देख भी नहीं पाएगा।

ये लो मौत, शर्तिया मौत, ध्रुव की मौत।

मौत की उस आग ने सुपर कमांडो ध्रुव को अपने में समेट लिया —
आह! उफ नहीं!

अब मैं और नहीं सह सकता। क्या आज मुझे अपने रिवॉल्वर का इस्तेमाल करना ही पड़ेगा।

ध्रुव को कभी अपराधियों के खिलाफ रिवॉल्वर उठाने की जरूरत नहीं पड़ी —
मेरी इच्छाशक्ति जवाब दे रही है।

तभी —
धाक

और फायर स्टार्म के लड़खड़ाते ही वह उसके कंधों पर सवार हो गया—
यह ले STRAIGHT FINGERS
आह!

फिर नागराज के एक ही सधे हुए वार ने फायर स्टार्म की गर्दन की हड्डी तोड़ दी—
ले मर अंधे!

ध्रुव दोस्त! तुम ठीक तो हो ना!
हां नागराज, मगर एकदम अभी नहीं उठ सकता, तुम एक क्षण भी और देर से आते तो आज यह मेरी आखरी जंग होती

किन्तु नागराज, मुझे इस गैलरी में भगाकर तुम कहां गायब हो गए थे?
कहीं नहीं दोस्त, मैं यहीं था।...

...बिल्कुल फायर स्टार्म के ऊपर छत से चिपका हुआ, किन्तु उसकी नजरें मुझ पर नहीं थीं—

अभी नागराज ने अपनी बात समाप्त की ही थी कि—
धड़ धड़
बचो नागराज!

सामने खड़ा था लौह मानव आकिड़ो —
आओ बच्चो! हमसे भिड़ो तो जानें!

और आकिडो ने नागराज को दीवार के सहारे ठोक दिया—
क्यों नागराज, मजा आ रहा है इस खेल में।
अपना काम निपटाकर वह ध्रुव की तरफ पलटा और—
आह!
ध्रुव ने अपना संपूर्ण शारीरिक व आत्मिक बल लगा दिया, और—
आकिडो गुस्से में तमतमाता हुआ फिर ध्रुव की तरफ बढ़ा—
अब इस मुक्के से तुझे इस संसार की कोई ताकत मरने से नहीं बचा सकती ध्रुव!
उधर आकिडो ने तेजी से मुक्का घुमाया—
ले मर।
इधर ध्रुव फुर्ती से नीचे झुक गया।
और आकिडो का मुक्का मीटर बाक्स तोड़ता हुआ...
बिजली के तेज करण्ट से टकराया।

और कुछ ही क्षणों में वह भरभराकर गिर पड़ा—
अब वह मर चुका था।
ध्रुव पलटा—
शाबास ध्रुव!
लाओ नागराज! अब तुम्हें भी आजाद करा दूं।
नागराज! बहुत शक्तिशाली था यह लौहमानव।
ध्रुव व नागराज की सम्मिलित शक्ति...
...के फलस्वरूप नागराज फिर से जमीन पर खड़ा था—
नागराज! कमाल है तुम्हारा जख्म इतनी जल्दी भर गया! क्या तुम्हें दर्द नहीं हो रहा?
नहीं ध्रुव! यही तो कमाल है।
किन्तु तभी दोनों के पांव के नीचे से जमीन खिसक गई—
हांय?
और दोनों कुशल कलाबाज जमीन पर सीधे खड़े थे—
और संभलते ही दोनों के सामने था, एक महान आश्चर्य!

वेलकम फ्रेंड्स! किलर फोर्ट में आप का स्वागत है! आज सारी सुपर शक्तियां मेरी कैद में हैं और अब तुम स्क्रीन पर देखना किस तरह मेरी तेजाबी बारिश विश्व के बड़े-बड़े देशों को गुलाम बनाती है।

नाकिङो, अब यह तुम्हारे कैदी हैं इन्हें इनके देश की तबाही का नजारा दिखाकर समाप्त कर देना।

मिस किलर ने कन्ट्रोल पेनल का लीवर घुमाया —
देखो फ्रेंड्स, अब यह तेजाबी बादल हिन्दुस्तान के ऊपर जाकर तबाही मचायेंगे।

तभी नागराज मिस किलर की बातों में उलझाए रखने के लिए बोल पड़ा —
मिस किलर! यह तो बताओगी कि तुमने हमें स्टेडियम पहुंचने से क्यों रोका और हमें भी बाकी सुपर शक्तियों के साथ कैद क्यों नहीं किया?
हा हा हा। नागराज, अगर तुम दोनों स्टेडियम समय से पहुंच जाते तो वहां कोई ना कोई हंगामा जरूर करते।...

...और फिर मैं तुम्हें ज्यादा से ज्यादा वक्त तक उलझाए रखना चाहती थी क्योंकि इस दौरान मैंने दुनिया के कई देश अपने अधीन कर लिए हैं और मुझे यह भी लगता था कि कहीं तुम सब के चक्कर में मैं सब कुछ ना गवां बैठूं।...

...और अब मेरा सपना साकार होने वाला है। आज भारत, कल अमेरिका परसों ब्रिटेन और रशिया मेरे गुलाम होंगे। किन्तु तुम यह देखने के लिए मौजूद नहीं होगे। क्योंकि लेजर मानव नाकिङो तुम दोनों को और यह गैस चैम्बर जिसमें इन सभी सुपर मानवों की सुपर शक्तियां मृत हैं, इनको आज खत्म कर देगा। हा हा हा।

ध्रुव चिल्लाया—
नागराज, कुछ करो! वरना वे सब जहरीली गैस से मारे जाएंगे!
हां, किन्तु यह दरिन्दा!
इधर ग्लासकेबिन—
खों खों उह
किन्तु नाकिलो ने संभलते ही ध्रुव पर लेजर किरणों का प्रहार किया—

और उस विलक्षण शक्ति वाले प्रहार स्वरूप ध्रुव असहाय सा एक तरफ जा पड़ा—
हा हा हा यह तो एक वार भी ना झेल सका।
उफ भैया! काश मैं आजाद होती तो तुम्हारी यह हालत ना होने देती।
चण्डिका और ध्रुव की रोमांचक कहानी पढ़ें:— 'आदमखोरों का स्वर्ग' व 'स्वर्ग की तबाही'

अब बारी थी नागराज की, नाकिडो नागराज की तरफ घूमा—
नागराज! हा हा हा कुछ ही देर के मेहमान हो अब।

और—
उफ! बचा के नाकिडो स्क्रीन गई।

नागराज उसके हर वार को....
आह!

...बचाता रहा—
खत्म
और लेसर मानव नाकिडो की अनियंत्रित लेसर किरणें टकराने से मिस्र किलर की तेजाबी बारिश का कन्ट्रोल पेनल टूटकर तबाह हो गया।

कब तक बचोगे इन कलाबाजियों से।
तब तक जब तक मैं तेरे पास नहीं पहुंच जाता।

हेलमेट के टूटते ही नागराज की भयंकर जहरीली फुफकार ने नाकिडो की सांसों पर कब्जा कर लिया—

और अगले ही पल नाकिडो कटे वृक्ष की तरह नीचे आ पड़ा—
मिस किलर!
देख तेरा आखिरी सिपाही
भी गया और का रमा
हो तो भेज उस

और क्रोध से जल उठीं मिस किलर की आंखें—

उसी पल ध्रुव अपनी पूरी शक्ति बटोरकर खड़ा हो चुका था –
उफ! मैं जल्दी से लपककर इस गैस पाइप को तोड़ देता हूं।

किन्तु इससे पहले कि वह उछलता –
नहीं, तुम उन्हें नहीं बचा सकते ध्रुव!

आह्ऽऽ
पहले से ही पस्त ध्रुव मिस किलर के इस प्राणघातक वार से बुरी तरह लड़खड़ा गया।

फिर भी वह ध्रुव क्या जो दिल में ठान चुके कार्य को ना कर पाए –
खड़ाक

और नागराज, वह संपूर्ण शक्ति से गैस चैम्बर से टकराया –
जय गुरु गोरखनाथ!
धड़ाक

अपनी इस असफलता से बुरी तरह उफन उठी मिस किलर—
और नागराज पर प्रलयंकारी किरणों का वार—
नागराज! यह किरणें तुम्हारी शक्तियों को जला देंगी।
मिस किलर की शक्तियों से नागराज की परीक्षा—
मिस किलर! नागराज का जीवन मानवता को समर्पित है। किन्तु तुम जैसे अपराधी मुझे आसानी से नहीं पचा सकते।
अपना वार असफल होते देख मिस किलर ने रूप बदला—
अब मेरे शरीर से दौड़ते करंट से बच नहीं सकोगे तुम!

किन्तु इससे पहले कि यह अनिष्ट होता—

ओह! यह सभी सुपर मानव आज़ाद हो चुके हैं।

नहीं, मिस किलर! चण्डिका तुम्हें सफल नहीं होने देगी।

और ना ही परमाणु।

गगन भी पीछे नहीं है।

विनाशदूत भी नहीं।

उफ! इन्हें तो आजाद होते ही सभी शक्तियां वापस मिल गई होंगी। अब मैं इन सबका संयुक्त मुकाबला नहीं कर सकूंगी। आह!

और फिर वे सुपर शक्तियां मिस किलर को और नहीं रोक पाईं—
मैं हार चुकी हूं तुम सब से, पर याद रखो, मैं जल्दी ही अपनी हार का बदला लूंगी। भयानक बदला। मिस किलर का बदला!

अब किलर फोर्ट पर सुपर मानवों का कब्जा था—
नागराज! अब हमें तुरन्त ही निकल चलना चाहिए। हमने यहां पर टाइम बम सैट कर दिये हैं। जो कि पांच मिनट बाद किलर फोर्ट को तबाह कर देंगे।

और फिर —
वाह! परमाणु, तुम जीनियस हो।
यह चाण्डिका का हाथ कितना मुलायम है।
भैया! मुझे कभी पहचान नहीं पाएंगे।
और फिर एक दिन यह सभी शक्तियां फिर मिलीं राजनगर स्टेडियम में अपने चाहने वाले सभी दोस्तों से, किन्तु इस बार कोई दुर्घटना नहीं घटी और वह था एक टॉप शो।
समाप्त